# ‘दर्शन और मनन’ की द्वितीय गोष्ठी

रविवार, ८ नवम्बर, २०२०

आत्मीय पाठकगण,

नमस्ते।

कृतज्ञता के इस माह के दौरान, कल शाम को सिद्धयोग वैश्विक हॉल में आप सभी के साथ होना बड़ा आनन्ददायी रहा।

अगले सप्ताह दीपावली का उत्सव आरम्भ होगा, और यह पूरे विश्व में होगा क्योंकि हमारे अनेक भारतीय मित्र सभी देशों व सभी महाद्वीपों में निवास करते हैं! शनिवार, १४ नवम्बर को दीपावली है जब सभी लोग देवी महालक्ष्मी की पूजा-आराधना करते हैं; साथ ही भारत के कई भागों में यह नववर्ष की पूर्वसन्ध्या भी है—इसी दिन ‘दर्शन और मनन’ की दूसरी गोष्ठी आयोजित होगी। श्री मुक्तानन्द आश्रम के भगवान नित्यानन्द मन्दिर से इसका सीधा वीडिओ प्रसारण होगा।

**तारीख़ :** शनिवार, १४ नवम्बर, २०२०
**समय :** सुबह ९:०० से १०:१५ बजे तक, ईस्टर्न स्टैन्डर्ड टाइम [यू. एस. ए.]
**स्थान :** सिद्धयोग वैश्विक हॉल [सिद्धयोग पथ की वेबसाइट के माध्यम से]

अगली गोष्ठी की पूर्वतैयारी हेतु आप, शनिवार, ७ नवम्बर को मेरे द्वारा दी गई वार्ता को पढ़ें जिसका शीर्षक था, ‘दर्शन और मनन’।

आपका सप्ताह स्वर्णिम हो!

आदर सहित,

गौरी मौरर
‘दर्शन और मनन’ की प्रबन्ध निदेशक
एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन® । सर्वाधिकार सुरक्षित।